# प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा 2021

## नमूना प्रश्न पत्र–2021

## विषय–विज्ञान

समयः– 2:30 घण्टे        कक्षा–8        पूर्णांक :– 50

नोटः– प्रश्न संख्या 1 से 11 तक प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

प्र.1 एक स्थान पर एक ही प्रकार के पौधों को बडी मात्रा में उगाए जाने वाले पौधों को कहते हैं–

(अ) फसल (ब)बीज (स) खरपतवार (द) कृषि पद्धति ( )

प्र.2 उचित समय एवं अन्तराल पर फसल को जल देना कहलाता हैं–

(अ) निराई (ब)सिंचाई (स) कटाई (द) भण्डारण ( )

प्र.3 निम्नलिखित में से किसको पीटकर पतली चादर में परिवर्तित किया जा सकता हैं–

(अ) जिंक (ब)फॉस्फोरस (स) सल्फर (द) ऑक्सीजन ( )

प्र.4 रेड डाटा बुक में किसका रिकॉर्ड रहता है–

(अ) प्रवासी पक्षी (ब)संकटापन्न स्पीशीज (स) प्राणीजात (द) वनस्पति जात ( )

प्र.5 एक टैडपोल जिस प्रक्रम द्वारा वयस्क में विकसित होता है,वह है–

(अ) निषेचन (ब)कायान्तरण (स) रोपण (द) मुकुलन ( )

प्र.6 मानव कर्ण के लिए श्रव्यता का परास है–

(अ) 20–20000 Hz तक (ब) 50–50000 Hz तक

(स) 10–10000 Hz तक (द) 40–40000 Hz तक ( )

प्र.7 निम्न में से विद्युत का सुचालक पदार्थ है?

(अ) रबर (ब)कॉपर (स) कॉंच (द) सूखी लकडी ( )

प्र.8 निम्नलिखित में से किसे घर्षण द्वारा आसानी से आवेशित नहीं किया जा सकता है –

(अ) प्लास्टिक का पैमाना (ब)तांबे की छड

(स) फूला हुआ गुब्बारा (द) ऊनी वस्त्र ( )

प्र.9 चाक्षुष विकृति युक्त व्यक्ति किस विधि से अक्षरों की पहचान कर सकते है –

(अ) केवल सुनकर (ब)बोलकर व सुनकर

(स) केवल बोलकर (द) ब्रेल लिपि ( )

प्र.10 आग बुझाने में उपयोग में ली जाने वाली गैस है –

(अ) कार्बन डाई ऑक्साइड (ब) नाइट्रोजन

(स) ऑक्सीजन (द) हीलियम ( )

प्र.11 पेट्रोलियम का कौनसा उत्पाद सडक निर्माण में उपयोग में लाया जाता है –

(अ) पेट्रोल (ब) प्राकृतिक गैस

(स) कोक (द) कोलतार ( )

प्रश्न संख्या 12 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

प्रश्न संख्या 12 से 21 में से कोई सात प्रश्न हल करें।

प्र.12 रबी व खरीफ की फसलों के दो–दो उदाहरण दीजिए।

प्र.13 थर्मोप्लास्टिक व थर्मोसेटिंग प्लास्टिक किसे कहते हैं?

प्र.14 निम्न गुणों के आधार पर धातु व अधातु का उदाहरण लिखिए–

1 कमरे के तापमान पर द्रव धातु –

2 मिठाई पर पतली परत के रूप में लगाई जाने वाली धातु –

3 सजीवों के श्वसन में काम आने वाली गैसीय अधातु –

4 पटाखों में प्रयुक्त होने वाली अधातु –

प्र.15 अलैंगिक जनन को परिभाषित कीजिए। जन्तुओं में अलैंगिक जनन की दो विधियों के नाम बताइये।

प्र.16 घर्षण बल को प्रभावित करने वाले दो कारक बताइये।

प्र.17 पौधा–घर प्रभाव से आप क्या समझते हैं? उस गैस का नाम बताइये जो विश्व उष्णन को बढा रही है।

प्र.18 निम्न गैसो के पूरे नाम लिखिए।

1 L.P.G.

2 C.N.G.

प्र.19 कार्बनीकरण किसे कहते हैं? कौनसे ईंधन को जीवाश्म ईंधन कहते है। नाम लिखिए।

प्र.20 जल की बचत करने हेतु 5 R से क्या तात्पर्य है? लिखिए।

प्र.21 वनोन्मूलन के दो कारण लिखिए।

प्रश्न संख्या 22 से 29 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है।

प्रश्न संख्या 22 से 29 में से कोई पाँच प्रश्न हल कीजिए।

प्र.22 '' जहाँ तक संभव हो प्लास्टिक के उपयोग से बचिए'' इस कथन की पुष्टि कीजिए।

प्र.23 रीता की बहन के शरीर में आयरन की कमी हो गई है। रीता को अपनी बहन के लिए क्या उपाय करने चाहिए।

प्र.24 हमें कागज की बचत क्यों करनी चाहिए। ऐसे दो उपाय बताइये जिनसे हम कागज की बचत कर सकते हैं।

प्र.25 ध्वनि प्रदूषण मानव के स्वास्थ्य के लिए किस प्रकार हानिकारक है? इसे कम करने के लिए हम क्या सहयोग कर सकते हैं?

प्र.26 एक बिल्डिंग में आग लग गई है,आग बुझाने व आपातकालीन परिस्थितियों में आप क्या उपाय कर सकते हैं?

प्र.27 सी.एन.जी.व एल.पी.जी.का ईंधन के रूप में उपयोग करने के क्या–क्या लाभ है?

प्र.28 व्यक्तिगत स्तर पर आप जल प्रदूषण को कम करने के लिए क्या उपाय कर सकते है? कोई तीन उपाय लिखिए।

प्र.29 सर्दियों में स्वेटर उतारते समय चट–चट की ध्वनि सुनाई देती है। व्याख्या कीजिए।

नोटः– प्रश्न संख्या 30 से 33 तक प्रत्येक प्रश्न 5 अंक के है। प्रत्येक प्रश्न में चित्र 2.5 अंक का है।

प्रश्न संख्या 30 से 33 में से कोई दो प्रश्न हल करने है।

प्र.30 एक मच्छर अपने पंखों को 500 कम्पन प्रति सेकण्ड की औसत दर से कंपित करके ध्वनि उत्पन्न करता है। कंपन का आर्वतकाल कितना है ?

मानव कर्ण की संरचना का नामांकित चित्र बनाइये।

प्र.31 क्या शुद्ध जल विद्युत का चालन करता है? यदि नहीं, तो चालक बनाने के लिए हम क्या कर सकते है ? जल में विद्युत धारा प्रवाहित करने के प्रयोग का सचित्र वर्णन कीजिए।

प्र.32 मान लीजिए आप एक अंधेरे कमरे में है,क्या आप कमरे में वस्तुओं को देख सकते है? क्या आप कमरे के बाहर की वस्तुओं को देख सकते है। व्याख्या कीजिए।

मानव नेत्र का नामांकित चित्र बनाइये।

प्र.33 जब हम किसी आवेशित वस्तु को हाथ से छूते है तो वह अपना आवेश खो देती है,व्याख्या कीजिए।

चित्र की सहायता से किसी ऐसे उपकरण का वर्णन कीजिए जिसका उपयोग किसी आवेशित वस्तु की पहचान में होता है।

# राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

## 1. विषयवस्तु के आधार पर अंक भार

कक्षा – 8 विषयः–विज्ञान

| क्र. संख्या | अधिगम क्षेत्र/कौशल | विषयवस्तु | अंक भार | प्रश्नों के प्रकार | | | | योग प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | OT | VSA | SA | ET | |
| 1 | भोजन | 1 | 4 | 2 | 1 | – | – | 03 |
| 2 | पदार्थ एवं वस्तुएँ | 3,4 | 8 | 1 | 2 | 1 | – | 04 |
| 3 | सजीवो का संसार | 7,9 | 7 | 2 | 1 | 1 | – | 04 |
| 4 | वस्तुएँ कैसे कार्य करती हैं | 12,13,14 | 12 | 2 | 1 | 1 | 1 | 05 |
| 5 | प्राकृतिक परिघटनाएँ | 15,16,17 | 10 | 2 | – | 1 | 1 | 04 |
| 6 | प्राकृतिक संसाधन | 5,6,18 | 9 | 2 | 2 | 1 | – | 05 |
| | | योग | 50 | 11 | 7 | 5 | 2 | 25 |

## 2. उद्देश्यों के अनुसार अंक भार

| क्र. संख्या | उद्देश्य | प्रश्नों की संख्या | अंक भार | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ज्ञान | 18 | 25 | 50 |
| 2 | अवबोध | 02 | 08 | 16 |
| 3 | ज्ञानोपयोग | 04 | 12 | 24 |
| 4 | कौशल | 01 | 05 | 10 |
| | योग | 25 | 50 | |

### 3. प्रश्नों के प्रकारवार अंक भार

| क्र. संख्या | प्रश्न का प्रकार | प्रश्नों की संख्या | अंक प्रति प्रश्न | प्रतिशत अंक भार | योग अंक | संभावित समय (मिनिट) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वस्तुनिष्ठ | 11 | 01 | 22 | 11 | 20 |
| 2 | अति लघुउत्तरात्मक | 07 | 02 | 28 | 14 | 30 |
| 3 | लघुउत्तरात्मक | 05 | 03 | 30 | 15 | 50 |
| 4 | निबन्धात्मक | 02 | 05 | 20 | 10 | 50 |
| | योग | 25 | 11 | 100 | 50 | 150 |

# राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा 2020–21

कक्षा–8 | नील पत्रक | विषयः– विज्ञान

| क्र.सं | उद्देश्य | | ज्ञान | | | | अवबोध | | | | ज्ञानोपयोग | | | | कौशल | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | विषय वस्तु | अंकभार | OT | VSA | SA | ET | OT | VSA | SA | ET | OT | VSA | SA | ET | OT | VSA | SA | ET | |
| 1 | भोजन | 4 | 2(2) | 1(2) | | | | | | | | | | | | | | | 3(4) |
| 2 | पदार्थ एवं वस्तुएँ | 8 | 1(1) | 2(4) | | | | | | | | | 1(3) | | | | | | 4(8) |
| 3 | सजीवो का संसार | 7 | 2(2) | 1(2) | | | | | | | | | 1(3) | | | | | | 4(7) |
| 4 | वस्तुएँ कैसे कार्य करती हैं | 12 | 2(2) | 1(2) | | | | | | | | | 1(3) | | | | | 1(5) | 5(12) |
| 5 | प्राकृतिक परिघटनाएँ | 10 | 2(2) | | | | | | 1(3) | | | | | | | | | 1(5) | 4(10) |
| 6 | प्राकृतिक संसाधन | 9 | 2(2) | | | | | | | | | 2(4) | 1(3) | | | | | | 5(9) |
| | योग | 50 | 11(11) | 5(10) | | | | | 1(3) | | | 2(4) | 4(12) | | | | 6(2) | 2(10) | 25(50) |

नोट : कोष्टक के बाहर प्रश्न एवं कोष्टक के अन्दर अंक है।